एम पी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड
CIN : U40109MP2006SGC018637 (म.प्र.शासन का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय : शक्ति भवन, रामपुर, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत 482008
फोन : 0761-2661111, 2660500, फैक्स : 0761-2661696, वेबसाईट : www.mppmcl.com ईमेल : md@mppmcl.com

क्रमांक मु.महा.प्रबं./ सू.प्रौ./ 96 जबलपुर, दिनांक 01.06.2023

प्रति,

1. मुख्य महाप्रबंधक (मासंसा. एवं प्रशा.)
   म.प्र. पूर्व क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिम क्षेत्र/
   विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर/ भोपाल/ इंदौर।
2. मुख्य महाप्रबंधक (मासंसा. एवं प्रशा.)
   म.प्र.पावर जनरेशन कंपनी/ म.प्र.पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, जबलपुर।

विषय:- Call before you Dig(CBuD) App के संबंध में दिशा-निर्देश।

संदर्भ :- प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का पत्र क्रमांक SNT/10/0008/2021/41-2, भोपाल दिनांक 13.04.2023 एवं 09.05.2023।

...

कृपया संदर्भित पत्र के अनुसार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश तथा भारत सरकार द्वारा जारी संलग्न राजपत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। उपरोक्त पत्र के माध्यम से भारत सरकार, दूर संचार मंत्रालय के निर्देशानुसार खुदाई से संबंधित समस्त विभागों को भारत सरकार के द्वारा Call before you Dig(CBuD) App में जिला स्तर के सभी अधिकारियों का पंजीयन कराने एवं विभाग अन्तर्गत खुदाई करने वाली समस्त एजेंसियों का पंजीयन कराने हेतु निर्देशित किया गया है। विभाग स्तर पर समस्त जिलो के संबंधित अधिकारियों का Call before you Dig(CBuD) App पर पंजीयन करवा दिया गया है तथा विभाग अन्तर्गत खुदाई करने वाली समस्त एजेंसियों का पंजीयन कराया जाना शेष है।

अत: आपके निकाय अन्तर्गत खुदाई करने वाली समस्त एजेंसियों का Call before you Dig(CBuD) App पर पंजीयन कराया जाना सुनिश्चित करें। तथा यह भी सुनिश्चित करें कि खुदाई की अनुमति दिये जाने के पश्चात समस्त खुदाई करने वाली एजेंसियों द्वारा Call before you Dig(CBuD) App पर सूचना प्रदान करने के पश्चात ही खुदाई का कार्य आरम्भ करें।

उपरोक्त कार्य को और सुगम बनाने के लिए सीबीयूडी ऐप को जिला स्तर से नीचे तहसील स्तर के उपयोगकर्ताओं के कान्फिगरेशन के प्रावधान के साथ अपग्रेड किया गया है। अत: जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाये कि इस एप को उपयोगी और सुगम बनाने हेतु तसहील स्तर के अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाये। उपरोक्त के संबंध किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता हेतु श्री धीरेन्द्र सिंह, नोडल अधिकारी (ऊर्जा विभाग) मोबाइल नंबर 9425827765 से संपर्क करें।

संलग्न:- उपरोक्तानुसार
संबंधित निर्देश एवं प्रपत्र की फोटोकापी

मुख्य महाप्रबंधक(सूचना प्रौद्योगिकी)
एम.पी.पा.मैने.कं.लिमि. जबलपुर

प्रतिलिपि:-

1. प्रमुख सचिव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. निज सचिव/ निज सहायक, प्रवंध संचालक, एम.पी.पा.मैने.कं.लिमि. जबलपुर।
3. निज सचिव/ निज सहायक, प्रबंध संचालक, म.प्र. पूर्व क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिम क्षेत्र/ विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर/ भोपाल/ इंदौर।
4. निज सचिव/ निज सहायक, प्रबंध संचालक, म.प्र.पावर जनरेशन कंपनी/ म.प्र.पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, जबलपुर।